राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर उन्हें अपना नमन निवेदित किया

पटना, 25 दिसम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज स्थानीय एस॰के॰ मेमोरियल हॉल परिसर में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर उनके तैल–चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपना सादर नमन निवेदित किया।

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर आयोजित उक्त राजकीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी स्व॰ वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित की।

समारोह में राज्य के माननीय पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, सांसद श्री रामकृपाल यादव, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गाँधीजी' सहित विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी, राजनीतिक–सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी–प्रतिनिधि, जन–प्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारियों आदि ने भी स्व॰ वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर उन्हें अपना नमन निवेदित किया।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन, भजन एवं देशभक्तिपूर्ण गीतों के गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

....